गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद
Guru Jambheshwar University, Moradabad
(A State University of Government of Uttar Pradesh)

Contact: 05912976525, Email: gjumoffice@gmail.com

पत्रांक : गु0ज0वि0वि0मु0 / प0नि0 / 2026 / 1250 दिनांक : 09.07.2026

विज्ञप्ति

विश्वविद्यालय में चुनौती मूल्यांकन (Challenged Evaluation) अध्यादेश को समान रूप से लागू किये जाने के संबंध में श्री राज्यपाल / कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव, राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र सं0 ई–7443 / 03–जी0एस0 / 2019 (TC) दिनांक 26.11.2020 में दिये गये दिशा–निर्देश के क्रम में विश्वविद्यालय कैम्पस तथा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों की स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम की सत्र 2025–26 की प्रथम सेमेस्टर की उत्तर पुस्तिका / पुस्तिकाओं के मूल्यांकन से असंतुष्ट छात्र / छात्राओं को चुनौती मूल्यांकन (Challenged Evaluation) में दी गयी व्यवस्थानुसार निम्नानुसार प्रथम चरण प्रारम्भ किया जाता है:–

आवेदन ऑनलाईन उपलब्ध होने की तिथि	:	09.07.2026
आवदेन ऑनलाईन एवं शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि	:	25.07.2026

:–चुनौती मूल्यांकन (Challenged Evaluation) के प्रथम चरण का शुल्कः–

इच्छुक छात्र / छात्रायें समर्थ पोर्टल पर लिंक **https://gjum.samarth.edu.in/index.php/site/login** के माध्यम से चुनौती मूल्यांकन (Challenged Evaluation) के लिए ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। चुनौती मूल्यांकन (Challenged Evaluation) के प्रथम चरण के लिए परीक्षार्थी को आवेदन शुल्क रु0 300 / – (रु0 तीन सौ मात्र) प्रति प्रश्नपत्र ऑनलाईन जमा करना होगा।

उत्तर पुस्तिकायें उपलब्ध करवाने के संबंध में–

1. आवेदन के उपरान्त परीक्षार्थी को मूल्यांकित मूल उत्तर पुस्तिका की संचरित प्रति (Scanned Copy) अवलोकन हेतु ऑनलाइन उपलब्ध करवायी जा सकती है।
2. परीक्षार्थी द्वारा मूल्यांकित उत्तर पुस्तिका का अवलोकन करने के उपरान्त और मूल्यांकन में असंतुष्ट होने पर चुनौती मूल्यांकन (Challenged Evaluation) के दूसरे चरण के लिए आवेदन कर सकते हैं।

नोटः– 1. चुनौती मूल्यांकन (Challenged Evaluation) के प्रथम चरण हेतु फ्लो चार्ट पत्र के साथ संलग्न है।
2. उपरोक्त वर्णित व्यवस्था के अतिरिक्त किसी अन्य माध्यम से उत्तर पुस्तिकाओं की प्राप्ति संभव नहीं होगी।

भवदीय

(गिरीश कुमार द्विवेदी)
पी0सी0एस0
कुलसचिव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव कुलपति, गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद।
2. वित्त अधिकारी, गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद।
3. परीक्षा नियंत्रक, गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद।
4. प्राचार्य / प्राचार्या, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद।
5. प्रतिनिधि, संबंधित एजेन्सी को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्तानुसार आवेदनकर्ता को उसकी ई–मेल आई0डी0 पर स्कैन्ड उत्तर पुस्तिका मेल किया जाना सुनिश्चित करें।
6. मीडिया प्रभारी।
7. प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाइट / केन्द्रीय कम्प्यूटर।

कुलसचिव